# जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक– 63
दिनांक–30.07.2026

---

## जनेकृविवि के इमलिया फार्म में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया
## कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने फलदार पौधों का किया रोपण

**जबलपुर 30 जुलाई, 2026।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के इमलिया फार्म में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की गरिमामय उपस्थित में, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अल्पना सिंह के मार्गदर्शन में **''एक पेड़ मां के नाम''** अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा, प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं अधिकारी,कर्मचारी और एनसीसी व एनएसएस के विद्यार्थियों ने चीकू, आम एवं नीबू के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण–संवर्धन हेतु लोगों को जागरूक किया। कुलपति डॉ. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, शुद्ध जल प्रदान करेगा। वृक्षारोपण, प्रकृति, समाज और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।

इस अवसर पर संचालक अनुसंधान सेवाएं व कुलसचिव डॉ. अश्वनी जैन, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, डॉ. ब्रजेश दीक्षित, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. दीपक राठी, डॉ. बी.एस.द्विवेदी, डॉ. अखिलेश तिवारी, डॉ. नम्रता जैन, डॉ. वी.पी. बिसेन, डॉ. राहुल डोंगरे, डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. रीना नायर, डॉ. सोनम अग्रवाल, डॉ. आर.पी. जयसवाल सहित प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनसीसी के छात्रों का विशेष योगदान रहा।